कुलपति की ओर से संदेश

प्रिय साथियों,

मैं आपके समक्ष अत्यंत गर्व, एवं कृतज्ञता की भावना के साथ इस ऐतिहासिक क्षण को साझा कर रहा हूं जो हमारे संस्थान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हाल ही में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (NAAC) की पीयर टीम भ्रमण के उपरांत, बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा को "A" ग्रेड प्रदान किया गया है– यह मान्यता हमारे टीम भावना, अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता, संस्थागत ईमानदारी एवं निरंतर सुधार का प्रतीक है।

यह उपलब्धि केवल एक मील का पत्थर ही नहीं है, बल्कि यह उस सामूहिक प्रयास, समर्पण और दूरदर्शिता का प्रमाण है जो हमारे विश्वविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य ने प्रदर्शित की है। साथ ही, यह उस निरंतर मार्गदर्शन और अमूल्य सुझावों का भी परिणाम है, जो हमें समय–समय पर माननीया राज्यपाल महोदया एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी तथा राजभवन की पूरी टीम, विशेष रूप से डॉ0 सुधीर एम बोबड़े जी (अपर मुख्य सचिव) एवं प्रो0 पंकज एल0 जानी जी (विशेष कार्याधिकारी) से प्राप्त हुए। हम अपने माननीय प्रबंध परिषद् के सभी सदस्यों के प्रति भी अत्यंत आभारी हैं, जो हमारे उच्च कोटि के अकादमिक वातावरण के हर क्षेत्र में सतत सहयोग करते रहते हैं।

हम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपतियों तथा प्रशासनिक कर्मचारियों के अथक प्रयासों और नवोन्मेषी योगदानों को भी सादर नमन करते हैं, जिनके द्वारा विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर आज की इस सफलता तक की यात्रा संभव हो पाई है।

मैं सभी संकाय सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद देता हूं, जिनकी अकादमिक उत्कृष्टता और अनुसंधान नवाचार की निरंतर खोज ने हमारी प्रतिष्ठा को सुदृढ़ बनाया है। आपका शिक्षण कौशल, मार्गदर्शन शैली एवं अगली पीढ़ी के नेतृत्वकर्ताओं को गढ़ने में महती भूमिका इस सफलता का मुख्य आधार रही है। हमारी श्रेष्ठ कार्यपद्धतियाँ एवं संस्थागत विशिष्टताएँ विश्वविद्यालय को अन्य संस्थानों से भिन्न श्रेणी में रखती है।

प्रिय विद्यार्थियों, आप इस संस्थान के सबसे महत्वपूर्ण स्तम्भ हैं। आपकी जिज्ञासा, समर्पण और सीखने की ललक हम सभी को प्रेरित करती है। यह ग्रेड आपके अनुशासन, कक्षाओं के भीतर और बाहर की सक्रिय भागीदारी और उपलब्धियों का प्रतिबिंब है।

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को विशेष रूप से धन्यवाद जिनके निरंतर प्रयासों से विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन में सुगमता और विकास के लिए उपयुक्त वातावरण बना रहा।

विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों और अन्य सभी हितधारकों के प्रति भी अत्यंत आभार, जिन्होंने सदैव विश्वविद्यालय के उद्देश्यों की पूर्ति में विश्वास बनाए रखा। आपकी सफलताएँ और समर्थन हमारे विरासत को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं और आपके अनुभव, आपके अनुजों के लिए सदैव प्रेरणा बने रहेंगे।

कृषक बन्धुओं एवं ग्रामीण समुदायों का योगदान भी अतुलनीय है, जिनके सहयोग से विश्वविद्यालय के विजन और मिशन आकार लेते हैं। हम उनके विचारों, आलोचनाओं और सुझावों को भी ससम्मान स्वीकार करते हैं– जिनके लिए यह विश्वविद्यालय सदैव प्रतिबद्ध है।

हम (NAAC) की पीयर टीम के प्रति भी आभारी हैं, जिनकी पारदर्शी और बारीक मूल्यांकन प्रक्रिया ने हमें आत्मनिरीक्षण पुनर्संरेखण और अपनी संस्थागत क्षमताओं को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। उनके द्वारा दिये गये सुझाव हमारे भविष्य के शैक्षणिक प्रयासों को नई ऊँचाईयाँ देंगे।

"A" ग्रेड कोई अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने द्वारा बनाए गए गुणवत्ता मानकों को न केवल बनाए रखें, बल्कि उन्हें और ऊपर उठाएँ। आगे बढ़ते हुए हमें नवाचार, समावेशिता, अनुसंधान और वैश्विक सहभागिता की संस्कृति को लगातार बढ़ावा देना होगा।

अंत में, मैं इस क्षण को एक उत्सव के साथ–साथ एक आह्वान के रूप में देखता हूं। आइए, हम अपने साझा लक्ष्य के प्रति फिर से समर्पित हों– एक ऐसा विश्वविद्यालय निर्मित करने के लिए जो न केवल क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित हो, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी उत्कृष्टता, मूल्यों और प्रभाव के लिए सम्मानित हो।

आप सभी को बहुत–बहुत धन्यवाद और हार्दिक बधाई।

जय हिंद।

(एस0वी0एस0 राजू)
कुलपति